आंदोलन — जन एकता समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी, जल्द अंकुश नहीं लगा तो धरना प्रदर्शन कर होगा उग्र आंदोलन

# अवैध मादक पदार्थ व सट्टा-जुआ के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग



**नवभारत,नरसिंहपुर,गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में सोमवार को अवैध गतिविधियों के खिलाफ जनमानस का गुस्सा खुलकर सामने आया।

जन एकता समिति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और सट्टा, जुआ, अवैध शराब, स्मैक, गांजा व अन्य मादक पदार्थों के बढ़ते कारोबार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से इन अवैध धंधों का संचालन खुलेआम हो रहा है, जिससे आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। खासकर चोरी, लूट और असामाजिक घटनाओं में बढ़ोतरी ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। आक्रोशित लोगों ने गोटेगांव के प्रमुख मार्गों से रैली निकालते हुए थाना पहुंचकर अपनी नाराजगी जताई। यहां उन्होंने एसडीओपी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अवैध मादक पदार्थों और सट्टा-जुआ के कारोबार पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। जन एकता समिति के सदस्यों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन अवैध गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई गई, तो वे धरना-प्रदर्शन के साथ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## शराब के नशे में मूर्ति को क्षति पहुंचाने वाला गया जेल

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** सोमवार की रात्रि को ग्राम पंचायत मदनपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरेली में रहने वाले तुलसीराम ठाकुर अपने दो अन्य साथियों कमलेश ठाकुर रामसिंह ठाकुर द्वारा सड़क मार्ग पर स्थित हनुमान मंदिर में बैठकर शराब पी रहे थे। इनमें से दो साथी कमलेश और रामसिंह ठाकुर तो घर चले गये थे लेकिन तुलसीराम ठाकुर मंदिर में ही सो गया था जिसने नशे की हालत में मंदिर में स्थित हनुमान जी की मूर्ति को क्षति पहुंचाई गई थी। और वहां से चला गया था।जब सुबह-सुबह जब गांव के लोगों ने वहां देखा तो तत्काल पुलिस को जानकारी दी। घटना की सूचना तेंदूखेड़ा एस डी ओ पी ने जिला पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया उनके द्वारा मिले मार्गदर्शन के आधार पर तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित हो के पूर्व आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित की गई जिसमें आरोपी तुलसीराम ठाकुर को बरेली स्थित खेत से उसे गिरफ्तार किया गया। उसके बताए अनुसार दो अन्य साथियों को भी पुलिस ने पकड़ कर पुलिस थाना ले आये। तथा तेंदूखेड़ा पुलिस ने मुख्य आरोपी तुलसीराम ठाकुर के विरुद्ध धारा 298 बी एन एस की धारा के तहत मामला दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश किया और जेल भेज दिया गया।

# कंप्यूटर इंस्ट्रक्टरों के भविष्य को लेकर चिंता



**नवभारत, तेंदूखेड़ा।** सत्र 226-27 के पूर्व ही तेंदूखेड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों की आईसीटी लैब में कार्यरत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टरों के भविष्य पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। हाल ही में जारी आदेशों में अप्रैल माह के लिए बजट न होने का हवाला देते हुए कंप्यूटर इंस्ट्रक्टरों की सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में जारी आदेश में इंस्ट्रक्टरों को अप्रैल माह तक सेवाएं देने की बात कही गई थी। लेकिन 24 घंटे के भीतर ही उक्त आदेश को निरस्त कर दिया गया और नई व्यवस्था के तहत उनकी सेवाएं केवल 31 मार्च 226 तक ही लेने का आदेश जारी कर दिया गया।

इस निर्णय से कंप्यूटर इंस्ट्रक्टरों के सामने आगामी चार माह तक बेरोजगारी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बताया गया कि पूर्व में कंप्यूटर इंस्ट्रक्टरों की जॉइनिंग अतिथि शिक्षकों की तरह की जाती थी। परंतु 14 नवंबर 226 के एक आदेश के तहत बीच सत्र में ही उन्हें आउटसोर्स व्यवस्था में शामिल कर दिया गया था। जिससे उनकी स्थिति और अधिक अस्थिर हो गई है। इसी संकटपूर्ण स्थिति को लेकर नरसिंहपुर जिले के सभी ब्लॉकों के आईसीटी इंस्ट्रक्टरों ने 29 मार्च को स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से उनके गृहग्राम लोलरी में मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इंस्ट्रक्टरों ने मांग रखी कि मार्च माह में सत्र समाप्त न किया जाए उन्हें अनुभव प्रमाण पत्र प्रदान किया जाए तथा भविष्य में आने वाली सरकारी नौकरियों में अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जाए। इस पर मंत्री श्री सिंह ने आश्वासन दिया कि इंस्ट्रक्टरों का कार्यकाल अप्रैल माह तक बढ़ाने अनुभव प्रमाण पत्र दिलाने तथा भविष्य की सरकारी भर्तियों में अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दिलाने के लिए यथासंभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर नरसिंहपुर जिले के आईसीटी इंस्ट्रक्टर ऊष्मा अग्रवाल आकांक्षा तिवारी अभिषेक कुमार यादव वसीम खान शक्ति साहू गौरव सचेंद्र पाराशर राघवेंद्र कौरव प्रज्ञा उपाध्याय नरेंद्र केवट आदर्श सर सहित अन्य साथी उपस्थित रहे। इंस्ट्रक्टरों का कहना है कि यदि अप्रैल माह में भी उन्हें कार्य पर रखा जाता है तो नवीन सत्र में विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा सुचारू रूप से प्रदान की जा सकेगी तथा आईसीटी लैब का संचालन भी व्यवस्थित रूप से हो पाएगा। वर्तमान स्थिति में मार्च माह का केवल एक दिन शेष है और यदि सेवाएं समाप्त होती हैं तो आगामी चार माह तक आईसीटी लैब की देखभाल के लिए कोई भी उपलब्ध नहीं रहेगा। नरसिंहपुर जिले में लगभग 65 आईसीटी कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर कार्यरत हैं। जबकि पूरे मध्यप्रदेश में इनकी संख्या लगभग 36 बताई जा रही है। जिनके भविष्य को लेकर इस निर्णय से व्यापक चिंता का माहौल बना हुआ है।



## नाट दादा मंदिर में जवारे का हवन-पूजन व भंडारा आयोजित

**नवभारत,गाडरवारा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध नाट दादा मंदिर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ जवारे का हवन-पूजन संपन्न किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। हवन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय हो गया। हवन-पूजन के पश्चात जन सहयोग द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# आज से शुरू होगा स्कूल चलें हम अभियान में आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां

**नवभारत,चीचली।** क्षेत्र में स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 226-27 आज एक अप्रैल से शुरू होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसे स्कूल चलें हम अभियान के रूप में मनाया जाएगा। यह 4 अप्रैल तक चलेगा। अभियान के तहत क्षेत्र में 1 से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश भी जारी किये गये हैँ। इस दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। स्कूल चलें हम अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा जिसे स्कूलों मे दिखाये जाने के निर्देश दिये गये है। 1अप्रैल को नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया जायेगा एवं उन्हें नि:शुल्क पुस्तकें प्रदान की जाएंगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने ऐसी व्यवस्था की है कि नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को पाठ्य-पुस्तकें मिल जायें। इस संबंध में विभाग द्वारा मैदानी अमले को निर्देश भी जारी कर दिये गये हैं। ग्राम और बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन कराया जायेगा। बच्चों के अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जायेगा। कक्षा 1 से 8 तक सभी शालाओं में एक अप्रैल को बालसभा का आयोजन किया जायेगा। इस दिन शालाओं में विशेष भोजन की व्यवस्था भी की गई है। स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये आमंत्रित किया जायेगा। इसी दिन स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, अधिकारियो को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायेगा। आमंत्रित अतिथि उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियां सुनाएंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत तीसरे दिन शाला स्तर पर पालकों के साथ सांस्कृतिक एवं खेल-कूद की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इसका उद्देश्य पालकों का विद्यालय से जोड़ना है। इसी दिन शाला में उपस्थित पालकों को शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति रही है,उनके पालकों को सभा में सम्मानित किया जायेगा।



## रामदेव बाबा के संन्यास दिवस पर महिला पतंजलि द्वारा गायत्री मंदिर में हवन

**नवभारत,गाडरवारा।** रामदेव बाबा के संन्यास दिवस के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति द्वारा स्थानीय गायत्री मंदिर में विधि-विधान से हवन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रभारी सुमन गुप्ता के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में तहसील प्रभारी संजू शर्मा, संगठन मंत्री रानी हरदौनिया, योग शिक्षिका अंजना साहू एवं संरक्षिका कीर्ति श्रीवास्तव सहित अनेक महिला सदस्य उपस्थित रहीं। इस अवसर पर योग शिक्षिका अंजना साहू की योग कक्षा से जुड़ी बहनों ने जिला प्रभारी सुमन गुप्ता का जन्मदिन भी बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में रमा आचार्य, सीमा जैन, संध्या पटेल, किरण जैन, मिली जैन, शुभी जैन, जिया जैन, मुन्नी बाई सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

### एक नजर में




## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला कार्यकारिणी घोषित

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस जबलपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की प्रांत बैठक में नरसिंहपुर जिले की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रांतीय अधिकारियों की अनुशंसा और उनकी उपस्थिति में संगठन के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं। बैठक में अंकुर पाठक को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वहीं राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी संदीप पटेल को सौंपी गई है। कार्यकारिणी में गोपी रजक को जिला महामंत्री, अमित नामदेव को जिला मीडिया प्रभारी, खुमान सिंह पटेल को कोषाध्यक्ष और मयंक जैन को जिला व्यापारी प्रमुख नियुक्त किया गया है। प्रांतीय पदाधिकारियों ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की रीति-नीति से अवगत कराते हुए धर्म और समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। जिले के साथ-साथ विधानसभा एवं नगर स्तर पर भी संगठन की इकाइयों का गठन किया गया है। इस अवसर पर प्रांत के समस्त प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 2 अप्रैल को विराजेंगे खाटू श्याम




**नवभारत,नरसिंहपुर।** शहर के इंद्रा वार्ड में 2 अप्रैल के दिन साईं मंदिर प्रांगण, गुरुद्वारा चौक, कंदेली नरसिंहपुर में सुबह 9 बजे से प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं विशाल भंडारा का आयोजन रखा गया हैं, धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध है कि सभी कार्यक्रम में शामिल होकर श्याम बाबा के दर्शन कर पुन: लाभ अर्जित करे और प्रसाद ग्रहण करें।

## सौम्या दीक्षित ने किया क्षेत्र का नाम रोशन



**नवभारत,गोटेगांव।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्यनरत आठवीं क्लास की छात्रा सौम्या दीक्षित ने 95.33 अंक प्राप्त कर माता-पिता के साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है छात्र प्रारंभ से ही मेधावी एवं अनुशासित रही है उनकी इस उपलब्धि पर माता-पिता महेंद्र दीक्षित एवं पूजा दीक्षित तथा विद्यालय प्राचार्य जोड़िन के.बी एवं उनके शुभचिंतकों सहित समस्त परिवार एवं विद्यालय स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा, तैयारियां पूर्ण

**नवभारत,गाडरवारा।** आगामी 2 अप्रैल 226, गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा शाम 4 बजे खप्पर वाले श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी। आयोजन में आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जो श्री मारुति जन्म से लेकर हनुमान जी की विभिन्न लीलाओं पर आधारित होंगी। इसके साथ ही टीम आर्यवर्त की बहनों द्वारा ढोल वादन, नुपुर रघुनाद समूह की प्रस्तुति तथा अखाड़ा प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहेंगे। कार्यक्रम में गोरखपुर पीठ के संत श्री रामानंद जी महाराज का आगमन एवं आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं एवं माताओं-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



## जैन नवयुवक सभा ने निकाली अहिंसा वाहन रैली

**नवभारत,गोटेगांव।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव गोटेगांव नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर नगर के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, श्री देव पारसनाथ दिगंबर पंचायती बड़ा जैन मंदिर, मुनि सुव्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर, सिंघई छतारे लाल जैन मंदिर, श्री नेमिनाथ जैन मंदिर, श्री पारसनाथ जैन मंदिर, दाना गंज जैन मंदिर और श्री आदिनाथ दिगंबर जैन नया मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। महोत्सव का मुख्य आकर्षण जैन नवयुवक सभा द्वारा आयोजित,अहिंसा वाहन रैली रही। रैली में सैकड़ों की संख्या में जैन धर्मावलंबी श्वेत वस्त्र धारण कर दुपहिया और चौपहिया वाहनों के साथ सम्मिलित हुए। केसरिया ध्वज और भगवान महावीर के संदेशों वाली तख्तियां लिए युवाओं और महिलाओं ने जियो और जीने दो तथा अहिंसा परमो धर्म के नारों से नगर को धर्ममय कर दिया। वाहन रैली ने पूरे नगर का भ्रमण किया। इस दौरान सिंघई श्री छतारे लाल दिगंबर जैन मंदिर के समक्ष भगवान महावीर स्वामी की भव्य आरती की गई, जिसके पश्चात फल वितरण किया गया। इस गौरवमयी आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## तेंदूखेड़ा अनुभाग के अंतर्गत अलग-अलग थानों में की गई कार्यवाही




**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा के निर्देशन में संपूर्ण जिले में चल रही अवैधानिक गतिविधियों मादक पदार्थों की बिक्री की धरपकड़ अभियान के तहत तेंदूखेड़ा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले तेंदूखेड़ा पलोहा सुआतला पुलिस थानों में पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल भेजा है।

जिसमें एनडीपीएस एक्ट में एक प्रकरण में 23.4 ग्राम स्मैक जिसकी बाजार कीमत **234000** रुपए आबकारी एक्ट के तहत 24 प्रकरणों में 79.65 लीटर कच्ची महुआ एवं देशी अंग्रेजी तथा सट्टा खिलाने वालों के विरुद्ध **07** प्रकरणों में 1855 रुपए जब्त किए गए हैं।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत आबकारी एक्ट के तहत 8 प्रकरण दर्ज किए गए जिसमें **50** पाव देशी प्लेन शराब कीमत 5 हजार रुपए तथा सट्टा पट्टी के 3 प्रकरणों में **780** रुपए की जब्ती की गई। सुआतला पुलिस ने की सबसे ज्यादा कार्यवाही इसी तरह तेंदूखेड़ा अनुभाग के थाने सुआतला में 23.4 ग्राम स्मैक जिसकी बाजार कीमत **234000 हजार** रुपए आबकारी एक्ट के तहत 12 प्रकरणों में 37 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा 12.5 लीटर देशी अंग्रेजी शराब और सट्टा पट्टी में 4 प्रकरणों के तहत 175 रुपए जब्त किए गए। पलोहा थाने में आबकारी एक्ट के तहत **20पाव** देशी प्लेन तथा 18 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है।इन सभी कार्यवाहियों में एस डी ओ पी अभिनव मिश्रा के साथ तेंदूखेड़ा नगर निरीक्षक किशोर बामनकर सुआतला नगर निरीक्षक प्रियंका केवट पलोहा निरीक्षक बनवारीलाल त्यागी तथा बरमान उप निरीक्षक आशीष बोपचे की मुख्य भूमिका रही है।

# रामकथा के श्रवण से मिलते हैं संस्कार : रामस्वरुपाचार्य महाराज

## श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन के आयोजन से माहौल हुआ धर्ममय



**नवभारत,चीचली।** क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम इमलिया ( कल्याणपुर ) में श्री रामाश्रित सत्संग सभा के तत्वावधान में जारी 57 वे श्री विष्णु महायज्ञ एवं रामचरित मानस सम्मेलन के आयोजन से समूचा माहौल धर्ममय हो गया है। यज्ञ मे प्रतिदिन बड़ी संख्या मे अनेक क्षेत्रीय श्रद्धालु सपरिवार यज्ञ शाला की परिक्रमा लगाने एवं धार्मिक प्रवचनों को सुनने यज्ञ एवं कथास्थल पहुँच रहे है। सोमवार को प्रवचन मे कामतनाथ पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य महाराज ने भरत मिलाप प्रसंग , भरत के चरित्र का वर्णन एवं भरत की शांतिप्रिय राममिलाप यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि व्यक्ति को इस प्रकार की कोई यात्रा या आंदोलन नहीं करना चाहिए जिसमें राष्ट्र की आर्थिक हानि या क्षति हो । उन्होंने राम नाम की शक्ति , महिमा एवं लाभ बतलाये एवं कहा कि भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है क्योंकि सकल सृष्टि है राम में,कण कण व्यापे राम ।राम चरित्र पावन सुधा , राम चरण सुख धाम । राम नाम संजीवनी,सकल सृष्टि आधार ।राम नाम तरण तारण ,राम नाम पतवार। उन्होंने भारतीय किसान एवं कृषि परंपरा भारतीय संस्कृति के आधार इमलिया ग्राम के लोगों द्वारा यज्ञ स्थल हेतु भूमि देने की प्रशंसा की तथा राम रस श्रवण करने वाले हजारों श्रोताओं, यज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित मुकेश बुधोलिया ,संगीत सहयोगी रामकृष्ण कौरव ,नीरज कौरव , श्री रामाश्रित सत्संग सभा इमलिया एवं समस्त आसपास के भक्तों सनातनियों की प्रशंसा की।

### उपस्थिति की अपील की

प्रवचन कार्यक्रम मे बाल विदुषी साध्वी सुश्री प्रभा भारती वृंदावन धाम ने भगवान कृष्ण के बाल रूप का मनमोहक चित्रण किया। उनके द्वारा प्रस्तुत कृष्ण उपासना,राधा कृष्ण भजन संकीर्तन का हजारों की संख्या में श्रोताओं ने आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पेयजल, प्रसाद वितरण एवं वाहन पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाएं समिति द्वारा की गई है। पुलिस प्रशासन का सहयोग निरंतर मिल रहा है। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय जनों से उपस्थिति की अपील की है।



## संस्कृत विद्यापीठ में बाल संस्कार एवं पर्यावरण चेतना शिविर आयोजित

**नवभारत,गोटेगांव।** नगर स्थित पंडित गणेश चौबे संस्कृत विद्यापीठ में स्नेहलता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में एक सादगीपूर्ण और सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखे गए, ताकि भीषण गर्मी में इन बेजुबान जीवों को राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री जैसे साबुन, निरमा और बिस्किट आदि भेंट किए गए। इन उपहारों को पाकर बच्चों के चेहरों पर हर्ष देखा गया। विद्यालय संस्थान ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सेवा, स्वच्छता और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता के भाव जागृत करना है, जो हमारी भारतीय संस्कृति के मूल आधार हैं। श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि गुरुकुल के ये बच्चे ही देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें एक सकारात्मक वातावरण देना हम सभी का उत्तरदायित्व है।